कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / यू0टी0ई0टी0 2023 – विज्ञप्ति 03 / 166 / 2023–24 दिनांक 19 अगस्त 2023।

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम (UTET I) 2023
में सम्मिलित होने वाले बी0एड0 (विशेष शिक्षा) प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों के लिए सूचना

शासनादेश संख्या : 146313/XXIV-A-1/2023-12983/2022, बेसिक शिक्षा अनुभाग–1, देहरादून, दिनांक 14 अगस्त 2023 में जारी दिशा–निर्देशों के क्रम में माननीय उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड द्वारा पारित निर्णयादेश के क्रम में बी0एड0 (विशेष शिक्षा) प्रशिक्षितों से उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम **(UTET-I) 2023** हेतु ऑन–लाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इन अभ्यर्थियों के उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम **(UTET-I)** (कक्षा I से V) (प्राथमिक शिक्षकों हेतु) का परीक्षा परिणाम रिट याचिका संख्या 316 / एस0बी0 / 2023 व अन्य रिट याचिकाओं में मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा पारित अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।

बी0एड0 (विशेष शिक्षा) प्रशिक्षण योग्यताधारी अभ्यर्थियों से उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) की वेबसाइट **www.ukutet.com** पर **दिनांक 19 अगस्त 2023 से** ऑन–लाइन आमंत्रित किये जाते हैं। ऑन–लाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि **दिनांक 28 अगस्त 2023, सांय 05:00 बजे** एवं **शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 28 अगस्त 2023, रात्रि 11:59 बजे है।**

अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट पर जाकर ***"उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय 2023 : 'सूचना विवरणिका" UTET-I & II 2023 : INFORMATION BROCHURE"*** को डाउनलोड कर उसमें दिये गये निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर उक्त अवधि के अंतर्गत तक ऑन–लाइन आवेदन एवं परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं। **ऑन–लाइन आवेदन के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किये गये आवेदन पत्र एवं निर्धारित अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्र / परीक्षा शुल्क किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

19/8/2023

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर नैनीताल।